डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 201 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 07 मई 2025 | मूल्य 2 रुपया

मुख्य मार्ग से हटाई दुकान तो अब फिर बालाजी मंदिर और मंडी के बाहर लगी दुकान..!

एक बार फिर दुकान हटाने की लेकर एकजुट हुई जनता, मंडी व्यापारी संघ मैदान में उतरा, प्रशासन के सामने वापस शराब दुकान हटाने की चुनौती

दलौदा, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। नगर की शराब दुकान को लेकर लगातार विरोध चल रहा है। दलौदा शराब दुकान मेन रोड और मंदिर के पास होने से आमजन द्वारा लगातार विरोध के बाद शराब ठेकेदार को मेन फोरलेन से दुकान को हटाना पड़ा। आश्चर्य की बात यह है कि जहां पहले दुकान थी, वहां समीप ही मंदिर स्थित है और मंडी व्यापारियो का भी विरोध था। लेकिन, फोरलेन से दुकान हटाकर पुनः सरदार वल्लभ भाई कृषि उपज मंडी के पास स्थापित कर दिया गया। मंडी के पास दुकान स्थापित करने से जनता का एक बार फिर जमकर विरोध सामने आया है। अब जनता दुकान हटाने का विरोध कर रही है।

बता दे कि पिछले 01 माह से शराब दुकान ठेकदार द्वारा दलौदा मेन फोरलेन पर हाट बाजार एवं माताजी मंदिर से महज 100 मीटर दूरी पर अपनी दुकान लगाई गई थी। साथ ही दुकान के पीछेकरीब तीन कालोनियां थी। जिससे उन कालोनियो में निवासरत लोगो का आक्रोश था। 01 महीने में कई बार आवेदन, निवेदन ओर धरना प्रदर्शन किए। लेकिन, दुकान नहीं हटी तो शनिवार के दिन एक बार पुनः महिलाओं द्वारा दुकान पर पहुंचकर धरना दिया गया। जिस पर तत्काल एक्शन लेते हुए पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद दुकान को वहां से हटा दिया गया। शराब दुकान को वापिस मंडी रोड पर शिफ्ट कर दिया। जिसका भी जनता द्वारा विरोध सामने आने लगा। मंडी व्यापारी संघ ने जमकर विरोध दर्ज करवाया। मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष श्री बलदेव पाटीदार के नेतृत्व में मंदसौर कलेक्टर के नाम तहसीलदार दलौदा को दुकान हटाकर अन्यत्र स्थान पर लगाने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रशासन को चेतावनी दी गई है कि 03 दिनों में दुकान अगर नहीं हटाई जाती है तो मंडी में नीलामी कार्य में एक भी व्यापारी भाग नहीं लेगा। अब देखना होगा कि दुकान वापिस अन्यत्र शिफ्ट होती है या व्यापारी ओर जनता लगातार विरोध करती रहेगी।

करीब 70 मीटर की दूरी पर स्थित है बालाजी मंदिर...

शराब दुकान से मात्र 50 से 100 मीटर की दूरी पर ही बालाजी का मंदिर स्थित है। जिसके कारण मंदिर आने जाने में परेशानियो का सामना करना पड़ेगा। पूर्व में भी दुकान यही होने से सैकड़ों बार जनता ओर भक्तों ने विरोध किया था। इसीलिए शराब दुकान अन्यत्र स्थान पर गई थी।

मंडी रोड है स्कूलों का हब, सेंटर में है शराब दुकान..

मंडी रोड पर छोटे बड़े मिलाकर करीब 05-06 विद्यालय है। जिसमें हजारों की संख्या में विद्यार्थी अध्ययन करते है। इनमें करीब 300-400 शिक्षको सहित अन्य स्टॉफ है। जो इस शराब दुकान के सामने होकर ही गुजरते है। कई बार छात्राओं को शराबियों की हरकतो का सामना भी करना पड़ता है।

तो क्या जान की कीमत भी देंगे...

अभी भी लटक रही बस स्टैंड की छत पर मौत..!

शहर में लगे होर्डिंग्स के रूप में विराजमान है यमराज

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। सोमवार शाम को रोड़वेज बस स्टैंड की छत से एक विशालकाय होर्डिंग्स नीचे आ गिरा। जिस स्थान पर होर्डिंग्स गिरा, वहां लोगों की भीड़ हमेशा रहती है। लेकिन, बारिश का मौसम होने से उस स्थान से लोग हट गए थे। यह गनीमत रही कि कोई जनहानी नहीं हुई। किन्तु, कई वाहनों को यहां नुकसान हुआ। मिली जानकारी के अनुसार नुकसान की भरपाई होर्डिंग्स लगाने वाला कर रहा है। पर प्रश्न यह उठता है कि जान चली जाती तो उसकी क्या कीमत होती? अभी खतरा टला नहीं है, बस स्टैंड की छत पर इसी होर्डिंग्स के आसपास और भी इसी तरह के होर्डिंग्स लटक रहे हैं। यह सिर्फ बस स्टैंड की इस छत की ही कहानी नहीं है। पूरे शहर के मुख्य बाजारों की कहानी है। जगह-जगह अवैध रूप से होर्डिंग्स लगे हुए है, यहां तक तो ठीक है। लेकिन, होर्डिंग्स के एंगलों और गार्डर का मेंटनेंस तक नही किया जाता। धूप और बारिश को लंबे समय से सहन कर रहे कई होर्डिंग्स अभी भी मौत को दावत दे रहे हैं।

होर्डिंग्स वाले को पता था गिरने वाला है..?

बस स्टैंड पर गिरे होर्डिंग्स के मालिक को यह पता था कि यह किसी भी वक्त गिर सकता है। करीब दो माह पहले मजदूर और कारिगर यहां पहुंचे भी थे। होर्डिंग्स के एंगलों की मरम्मत भी की गई। लेकिन, एंगल पूरी तरह से सड़ चुके थे। हादसे के दिन भी कारिगरों ने यहां होर्डिंग्स को लेकर काम किया था। इसी तरह से छत के दोनों तरफ लगे होर्डिंग्स भी बड़े हादसे को बुलावा दे रहे हैं। इस और नगरपालिका का ध्यान नहीं है।

बिना अनुमति लगे होर्डिंग्स...

नगर पालिका के रिकार्ड के अनुसार सिर्फ 150 होर्डिंग को अनुमति दी गई है। जबकि, शहर में एक भी अवैध होर्डिंग नहीं लगा है। पर, हकीकत यह है कि नेहरु बस स्टैंड, गांधी चौराहा, बीपीएल चौराहा, महू-नीमच राजमार्ग, कैलाश मार्ग, महाराणा प्रताप बस स्टैंड सहित कई जगहों पर मिलाकर इससे कई ज्यादा होर्डिंग लगे हैं। इसके साथ ही नियमों को ताक में रखकर हर खंबे पर देखे तो दो हजार से ज्यादा बेनर पोस्टर लगे हैं।

कुल मिलाकर राजस्व का भी तगड़ा नुकसान नगरपालिका की लापरवाही कर रही है।

पहले भी कई बार हो चुके है हादसे...

शहर में जगह-जगह लगे होर्डिंग्स के कारण कई बार हादसे हो चुके है। जब हादसे होते है तब प्रशासन नींद से जागता है और फिर कुंभकर्णी नींद में सो जाता है। इस बार तो चूंकि कोई घायल या हताहत नहीं हुआ है तो प्रशासन की नींद ही नहीं खुली है। यही कारण है कि बस स्टेंड के प्रतिक्षालय की छत सहित अनेक स्थानो पर लगे होर्डिंग्स की जांच भी नहीं की गई है। जबकि, यदि सभी होर्डिंग्स की जांच होती तो यह भी सामने आ जाता कि कितने होर्डिंग्स अवैध लगे हुए है और जर्जर हो रहे होर्डिंग को तुरंत रिपेयर या नया लगाने का आदेश जारी हो जाता?

यह है नियम...

✻ होर्डिंग सड़क और भवन से एक निश्चित दूरी पर लगाया जाए। ✻ होर्डिंग की अधिकतम उंचाई 20 फीट से ज्यादा न हो। ✻ होर्डिंग विद्युत लाइन के आसपास नहीं होना चाहिए। ✻ बिजली खंभे-एलएनटी लाइन से डेढ़ मीटर की दूरी होना जरूरी है। ✻ होर्डिंग के आसपास हरियाली नहीं होना चाहिए। ✻ फूटपॉथ पर होर्डिंग नहीं लगे होना चाहिए। ✻ संरक्षित क्षेत्र में होर्डिंग को नहीं लगाया जा सकता। ✻ पुरातत्व व ऐतिहासिक इमारतों के आसपास होर्डिंग नहीं लगाए जा सकते। ✻ होर्डिंग जमीन से कम से कम 07 फीट ऊपर होना जरूरी है। ✻ स्कूल भवनों के आस-पास होर्डिंग लगाने के विशेष नियम है।

एमपी बोर्ड परीक्षा : मंदसौर की स्थिति में सुधार

12 वीं में नौवें स्थान पर, दसवीं में नहीं मिली खुशी, निजी स्कूलों से आगे रहे सरकारी स्कूल

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा मंगलवार को जारी कक्षा 10वीं व 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम मंदसौर के लिए ठीक-ठाक रहे। पिछले साल के मुकाबले इस साल दसवी व बारहवीं में 10 प्रतिशत से ज्यादा सुधार रहा। 12वीं में जिला टॉप टेन में शामिल रहा। किन्तु, 10वीं में टॉप टेन में जगह नहीं मिली। महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम निजी स्कूलों से अच्छा रहा। कक्षा 10वीं में जिले का एक भी विद्यार्थी प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान नहीं बना पाया। हालांकि, कक्षा 12वीं के बायो स्ट्रीम की एक छात्रा ने सातवां स्थान जरूर प्राप्त किया।

कक्षा 10वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में मंदसौर जिले की प्रदेश में स्थिति 83.55 प्रतिशत के साथ 13वें स्थान पर रही। जबकि, कक्षा 12वीं में 83.16 प्रतिशत के साथ जिला 09वें स्थान पर रहा। पिछले साल की बात करें तो मंदसौर दसवीं में प्रदेश में 21वें नंबर पर था। इसी तरह से पिछले साल 12वीं के परिणामों के मामले में मंदसौर ग्यारहवें नंबर पर था। इस बार सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम निजी स्कूलों से बेहतर रहा। सरकारी स्कूल का पासिंग प्रतिशत 84.01प्रश रहा। वहीं प्राइवेट स्कूल का पासिंग प्रतिशत 81.64प्रश रहा। मंदसौर की छात्रा रिद्धि ने प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया है। रिद्धि बॉयोस्ट्रीम की छात्रा है, उसे 500 में से 478 नंबर मिले हैं।

प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा नीमच...

नीमच जिले ने 10वीं में 87.29प्रश रिजल्ट के साथ प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया है। जबकि, 12वीं में 86.34प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। रतनगढ के सैफिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा रिया खटोड़ ने वाणिज्य संकाय में 500 में से 482 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 09वां स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश में इस बार 07 लाख 06 हजार छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी। इनमें से 74.48 प्रश पास हुए। सतना की प्रियल द्विवेदी ने मैथ्स-साइंस में 500 में से 492 नंबर हासिल कर प्रदेश में टॉप किया है। प्रियल कन्या शासकीय उमा विद्यालय अमरपाटन की स्टूडेंट हैं। सतना के हर्ष पांडेय ने 479 नंबर हासिल करके साइंस स्ट्रीम में सेकंड पोजिशन बनाई है। निवाड़ी के दिव्य संस्कार शिक्षण संस्थान के अक्षय खरे ने कृषि समूह में 480 अंक पाकर प्रदेशभर में चौथा स्थान हासिल किया है। पीथमपुर के कृष्ण प्रताप सिंह साइंस में प्रदेशभर में 5वें नंबर पर रहे हैं।

हायर सेकेंडरी के रिजल्ट में नरसिंहपुर जिला पहला और नीमच दूसरा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा- इस बार बेटियों ने बाजी मारी है। असफल विद्यार्थी खुद को फैल न समझें, उनको परीक्षा का एक और मौका मिलेगा। माशिमं की अध्यक्ष स्मिता भारद्वाज ने कहा- जो छात्र-छात्राएं फेल हो गए हैं या अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं, वे 17 जून से दोबारा परीक्षा दे सकेंगे। यह व्यवस्था नई शिक्षा नीति के तहत की गई। इस तरह का प्रयोग करने वाला मध्यप्रदेश देश का तीसरा राज्य बन गया है। दसवीं की बात करें तो 10वीं में सिंगरौली की प्रज्ञा जायसवाल ने 500 में से 500 अंक प्राप्त कर प्रदेश में टॉप किया। रीवा के आयुष द्विवेदी 499 अंक के साथ सेकंड और जबलपुर की शैजाह फातिमा 498 अंक के साथ थर्ड टॉपर रहीं। इस साल 09 लाख 53 हजार छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी। इनमें से 76.22 प्रतिशत पास हुए।

सालभर में दो बार परीक्षा दे सकेंगे विद्यार्थी...

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो बच्चे असफल हुए, वे यह न समझें कि यह आखिरी मौका है। उनको दोबारा मौका मिलेगा। वे सालभर में दो बार परीक्षा दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि यदि कोई छात्र परीक्षा में असफल होता है तो उसे निराश होने की आवश्यकता नहीं है। अब छात्रों को तुरंत ही दोबारा परीक्षा देने का अवसर मिलेगा। यह नई शिक्षा नीति की सबसे बड़ी ताकत है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जो बच्चे असफल हुए, वे यह न समझें कि यह आखिरी मौका है। उनको दोबारा मौका मिलेगा। वे सालभर में दो बार परीक्षा दे सकेंगे।

बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्साहजनक वृद्धि होने पर कलेक्टर द्वारा दी बधाई

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि, बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणामों में जिले के परीक्षा परिणाम में वृद्धि हुई है, गत वर्ष

2024 की परीक्षा में हाईस्कूल परीक्षा का जिले का परिणाम 58.92 प्रतिशत रहा था, इस वर्ष 2025 का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 83.55 प्रतिशत रहा है, इसमें 24.63 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, गतवर्ष जिला प्रदेश में 21 वें स्थान पर रहा था, इस वर्ष जिला 13 वें स्थान पर आकर प्रदेश स्तर पर रैकिंग में 8 स्थान का उछाल आया है। इसी प्रकार हायर सेकेण्डरी परिणाम में गत वर्ष जिले का परिणाम 70.7 प्रतिशत था, इस वर्ष का परिणाम 83.16 रहा है, इस प्रकार इसमें जिले के परिणाम में 12.46 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, प्रदेश स्तर पर हायर सेकेण्डरी में जिले का स्थान 11 वां रहा था, वही इस वर्ष प्रदेश स्तर पर जिले को 9 वा स्थान प्राप्त हुआ, इस प्रकार प्रदेश स्तर पर जिले की रैकिंग में 2 स्थानो की वृद्धि हुई है।

उल्लेखनीय है कि हाईस्कूल परीक्षा में इस वर्ष 14622 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे, इनमें से 8772 प्रथम श्रेणी में, 3395 द्वितिय श्रेणी में तथा 50 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। इस प्रकार कुल 12217 बच्चें उत्तीर्ण हुए, इसमें से बालक 80.50 प्रतिशत तथा बालिका 86.87 प्रतिशत रहा है। हायर सेकेण्डरी परीक्षा में कुल 9901 बच्चें शामिल हुए थे, इनमें से 5950 प्रथम श्रेणी में, 2277 द्वितीय श्रेणी में तथा 4 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। इनमें से बालकों का... शेष पेज 4 पर

नई शर्त ने बिगाड़ा खेल...

लाड़ली बेटियों को नहीं मिलेगी राशि

भोपाल, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। लाडली बहना योजना ने सरकार का गणित बिगाड़ दिया है। इसका असर दूसरी योजनाओं पर दिखने लगा है। महिला बाल विकास विभाग की लाडली लक्ष्मी योजना भी प्रभावित हुई है। ग्वालियर में वित्त वर्ष 2024-25 की किश्त जारी नहीं की गई है। बेटियां लाड़ली लक्ष्मी की किश्त के इंतजार में है। इसी बीच सरकार का नया फरमान आ गया है कि उन्हें अपनी आधार से केवाईसी करानी होगी। आधार व स्कूल की समग्र आईडी से मिलान होना चाहिए, तभी बेटियों को पैसा मिलेगा। यदि मिलान नहीं होता है तो किश्त खाते में नहीं आएगी।

लाड़ली बहना में नाम नहीं जुड़े...

चुनाव के पहले लाड़ली बहना योजना के तहत रजिस्ट्रेशन हुए थे। आचार संहिता लगने के बाद योजना के रजिस्ट्रेशन बंद हो गए थे। चुनाव के बाद रजिस्ट्रेशन नहीं खोले गए। इस कारण नए नाम नहीं जोड़े गए। धीरे-धीरे रजिस्ट्रेशन भी कम होने लगे हैं।

योजना के तहत दी जाती है छात्रवृत्ति...

प्रदेश सरकार ने लिंगानुपात सुधारने के लिए लाडली लक्ष्मी योजना लागू की है। इस योजना के तहत रजिस्टर्ड बालिकाओं को सरकार की ओर से 01 लाख 18 हजार रुपए मिलते हैं। कक्षा 6वीं से 12वीं के बीच 18 हजार रुपए दिए जाते हैं और 18 वर्ष की होने पर 01 एक लाख रुपए दिए जाते हैं। 12वीं पास करने बाद व्यवसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने पर 25 हजार रुपए की छात्रवृत्ति दी जाती है।

ऐसे मिलती है राशि...

✻ कक्षा 6 वीं में आने पर 2000 रुपए
✻ कक्षा 9 वीं में आने पर 4000 रुपए
✻ कक्षा 11 वीं में आने पर 6000 रुपए
✻ कक्षा 12 वीं में आने पर 6000 रुपए

सांसद गुप्ता बने प्राक्कलन समिति के सदस्य

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। सांसद सुधीर गुप्ता को प्राक्कलन समिति का सदस्य मनोनित किया गया है। इस संबंध में पत्र जारी कर उन्हें 2025-26 की अवधि के लए समिति के सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए चुना गया है। समिति के सभापति सांसद संजय जायसवाल होगे। आपको बता दे कि सुधीर गुप्ता 2014 से 2017 तक लोस की प्राक्कलन समिति के सदस्य रहे हैं। इस दौरान उन् होंने पंचायती राज विषय संबंधी उप समिति में भी कार्य किया। इसके अतिरिक्त वे वाणिज्य .... शेष पेज 4 पर



भारत-पाक युद्ध संभावित है ? मॉक ड्रिल का पूर्व अभ्यास यही संकेत दे रहा है...

मंदसौर/उज्जैन, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। पहलगाम आतंकी हमले में हुई 26 हत्याओं के बाद से भारत-पाकिस्तान के आपसी संबंधों में पहले से चली आ रही दरार अब खाई बन चुकी है। यहां तक की विश्व भर की सतही चर्चाओं में भारत पाक के बीच युद्ध हो जाने की आशंका को प्रबल बताया जा रहा है। अभी सिर्फ चर्चाओं में चल रही इस प्रबलता को भारतीयों की चर्चा में स्थान नहीं मिल रहा था। पर आज देश के 259 शहरो में होने वाली मॉक ड्रिल ने संभव होने वाली घटनाओं जैसा स्थान दिला दिया है। मॉक ड्रिल को युद्धीय वातावरण के दौरान आम देशवासियों का सुरक्षित रहने जैसा पूर्व अभ्यास कहा जा सकता है। आज भारत के लगभग 800 जिलों में से 259 शहरो को ही मॉक ड्रिल के लिए चुना गया है। जहां निर्धारित समय पर सायरन बजेगा और जिले भर के प्रत्येक व्यक्ति की सभी गतिविधियां एहतियात के दायरे में सिमट जाएगी। इस तरह के मॉक ड्रिल से देश भर के नागरिकों को अगर भारत-पाक युद्ध भविष्य में होगा तो इस दौरान किन एहतियातों का पालन आवश्यक रूप से करना होगा प्रशिक्षण मिल जाएगा।

चन्द्रमोहन भगत

ग्लोबल फायर पावर के अनुसार 2025 की मिलिट्री हेल्थ रैंकिंग में 145 देश में भारत का स्थान चौथे नंबर पर है। जबकि, पाकिस्तान का 12 वे नंबर पर याने भारत से आठ पायदान नीचे है। भारत की सेना में 22 लाख आर्मी जवान है। 4 हजार 201 टैंक, डेढ़ लाख बख्तरबंद वाहन, 100 प्रोपेल्ड आर्टिलरी, 3 हजार 975 खींच कर ले जाने वालीऔर 264 मल्टी बैरल आर्टिलरी शामिल है। वायु सेना में 3.10 लाख वायु सैनिक, 2 हजार 229 विमान, 513 लड़ाकू, 270 ट्रांसपोर्ट, 130 हमला करने वाले इनके साथ 80 अटैक हेलीकॉप्टर भी है। जल सेना में 293 पोत 1.42 लाख सैनिक है। इनके अलावा न्यूक्लियर हथियारों में भी भारत अपने विरोधी पाकिस्तान से अधिक संपन्न है।

विशेषज्ञों की माने तो पाकिस्तान सरकार के अलावा अनेक राष्ट्र प्रमुख भी जानते हैं कि भारत हर हालत में पाकिस्तान से बहुत अधिक सक्षम और आत्मनिर्भर है। जबकि, पाकिस्तान अभी तक जितनी द्वेष भरी प्रतिक्रियाएं सार्वजनिक कर रहा है, वह मित्र राष्ट्रों के भरोसे है। इसी के साथ वैश्विक जगत में यह वातावरण भी बना रहा है कि भारत को पाक पर हमला करने से रोकिए, पहलगाम पर आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ होने से भी साफ इनकार कर चुका है। भारत-पाक युद्ध होगा या नहीं यह तो समय के गर्भ में है। पर भारत-पाक के बीच बन रहे वर्तमान दृश्य से साफ लग रहा है कि भारत सरकार विपक्ष और देश के जनमत के आत्म विश्वास के साथ आक्रमक रुख अपना रही है। जबकि, पाकिस्तान मित्र राष्ट्रों के सहारे सुरक्षात्मक होता नजर आ रहा है।

विचार-मंथन

युद्ध के समय भारत की नौसेना कितनी ताकतवर है?

पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच में रिश्ते और ज्यादा खराब हुए हैं, जानकार मान रहे हैं कि जंग तक बात जा सकती है। ऐसे में जनसत्ता ने एक स्पेशल सीरीज शुरू की है जहां पर युद्ध में शामिल सभी फोर्स, एजेंसियों की ताकत समझाने की कोशिश हो रही है। इस सीरीज के पहले पार्ट में बात इंडियन आर्मी की हुई थी, आज दूसरे पार्ट में इंडियन नेवी पर फोकस करेंगे। किसी भी युद्ध में भारतीय नौसेना की भी अहम भूमिका रहती है। भारत का समुद्री तट 7516 किलोमीटर लंबा है। इसी समुद्री तट की रक्षा भारतीय नौसेना को करनी होती है। यहां भी समुद्री डाकुओं से मुकाबला करना, भारत के व्यापारिक जहाजों की रक्षा करना प्राथमिकता रहता है। प्राकृतिक आपदा के दौरान भी नौसेना की अहमियत काफी ज्यादा हो जाती है, राहत-बचाव में उसकी जरूरत पड़ती है। इंडियन नेवी को कमांड देने का काम चीफ ऑफ नेवल स्टॉफ करते हैं, इन्हें एडमिरल कहा जा सकता है। वर्तमान में भारतीय नौसेना के तीन प्रमुख कमांड हैं- ईस्टर्न नेवल कमांड जिसका हेडक्वार्टर विशाखापट्टनम में मौजूद है, वेस्टर्न नेवल कमांड जिसका हेडक्वार्टर मुंबई में है और सदर्न नेवल कमांड जिसका हेडक्वार्टर कोची में स्थित है। भारतीय आर्मी की तरह नौसेना के पास भी अपनी स्पेशल फोर्स है जो बड़े मिशन्स के लिए तैयार रहती है। नौसेना की स्पेशल फोर्स का नाम है मार्कोस। यह समुद्री कमांडो फोर्स हैके नाम से भी जाना जाता है। बात चाहे एंटी टेररिज्म ऑपरेशन्स की हो या फिर स्पेशल मिलिट्री स्ट्राइक्स की, भारत की पहली पसंद मार्कोस के स्पेशल कमांडोज रहते हैं। मार्कोस यूनिट की स्थापना 1986 में हुई थी, नौसेना ने ही फैसला किया था कि आतंकवाद और समुद्री लुटेरों से निपटने के लिए एक ऐसी फोर्स चाहिए जो पूरी तरह प्रशिक्षित हो। समय के साथ मार्कोस यूनिट का विस्तार होता रहा और अब यहां 1200 से ज्यादा कमांडोज हैं। इन्हें तीन साल की अलग से बहुत मुश्किल ट्रेनिंग दी जाती है। इन्हें ऐसे ट्रेन किया जाता है कि ये सिर्फ समुद्र नहीं बल्कि हवा और जमीन पर भी कारगर प्रहार करने में सक्षम होते हैं। इन्हें राजस्थान, तवांग, सोनमर्ग, मिजोरम जैसे क्षेत्रों में ट्रेनिंग के लिए भेजा जाता है। ऐसे में अगर युद्ध छिड़ता है तो भारतीय नौसेना का गरुरू यह मार्कोस की स्पेशल फोर्स है। दुश्मन को परास्त में इसकी जैसी काबिलियत है, वो किसी के पास नहीं। हर माहौल में, हर मौसम में और हर विपरीत स्थिति में भी इस फोर्स के कमांडोज अपनी ताकत का अहसास करवा ही देते हैं। अब वर्तमान में भारत के पास दुनिया की सातवीं सबसे ताकतवर नौसेना है। इंडियन नेवी के पास 2 एयरक्राफ्ट कैरियर, 6 एम्फीबियस युद्धपोत, 10 विध्वंसक युद्धपोत, 13 फ्रिगेट, 23 कॉर्वेट, 17 पनडुब्बियां, 139 पेट्रोल शिप शामिल हैं। इस समय इंडियन नेवी के 11 महत्वपूर्ण बेस हैं जो देश के अलग-अलग सीमावर्ती राज्यों में बने हुए हैं। इस समय अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा, केरल, लक्षद्वीप, महाराष्ट्र, गोवा कर्नाटक और गुजरात में नेवी के बेस स्थित हैं। इस समय इंडियन नेवी की नजर एडवांस मल्टी-रोल स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट्स में से एक तमाल पर है जिसका परीक्षण रूस में जारी है। भारतीय नौसेना का ही एक बैच उसे लेने के लिए वहां गया है। तमाल को सटीक हमलों के लिए जाना जाता है, यह 30 नॉट्स (55 किमी/घंटा) तक की गति से क्रूज कर सकता है। बड़ी बात यह है कि सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल भी तमाल के द्वारा दागी जा सकती है। तमाल एडवांस एंटी- सबमरीन रॉकेट और टॉरपीडो से भी लैस रहता है। ऐसे में नौसेना की ताकत आने वाले दिनों में कई गुना और ज्यादा बढ़ने वाली है। वैसे नौसेना के पास अब कई युद्ध का अनुभव हो चुका है, उसने कई सफल मिशन्स को अंजाम भी दिया है। ऐसे में भारत को मुश्किल स्थिति में सबसे मजबूत सहारा नेवी से ही मिलने वाला है। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ऑपरेशन ट्राइडेंट को नहीं भूलना चाहिए तब कराची पोर्ट को नेवी ने ऐसे तबाह किया।

पाक प्रायोजित आतंकवाद पर अमेरिका का ढुलमुल रवैया

योगेंद्र योगी

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले 26 से अधिक पर्यटक मारे गए। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों ने यह हमला ऐसे समय में किया जब अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स अपनी भारतीय मूल की पत्नी उषा और बच्चों के साथ भारत की यात्रा पर थे। इस हमले के पीछे पाकिस्तान का निहितार्थ इस यात्रा में विघ्न डाल कर कश्मीर के मुद्दे पर विश्व का ध्यान आकर्षित करना था। पाकिस्तान इस तरह के कुत्सित प्रयास पूर्व में भी कर चुका है। बेरोजगारी, भारी भरकम कर्जा और घरेलू आतंकवाद से त्रस्त पाकिस्तान ने इन समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए वेंस की यात्रा के दौरान हमला करवाने के समय का चुनाव किया। अमेरिका सहित विश्व के तकरीबन सभी देशों ने इस हमले की तीखी निंदा की। सवाल यही है कि क्या अमेरिका सिर्फ निंदा तक ही सीमित रहेगा। पूर्व में भी इसी तरह के पाक प्रायोजित हमले के दंश भारत झेलता रहा है। जब कभी भी ऐसे हमले हुए हैं, अमेरिका ने सिर्फ घड़ियाली आंसू ही बहाएं हैं। सही मायने में तो अमेरिका चाहता ही नहीं है कि पाकिस्तान पर ऐसी आतंकी वारदातों को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करे। यही वजह है कि अन्य देशों की तरह अमेरिका भी सिर्फ सहानुभूति जता कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेता है। अमेरिका बेशक इन हमलों के लिए सीधा जिम्मेदार नहीं हो, किन्तु पाकिस्तान के साथ उसके सैन्य रिश्ते कहीं न कहीं आतंकवाद को प्रोत्साहित करते नजर आते हैं। यह पहला मौका नहीं है जब किसी अमेरिकी विशिष्ट व्यक्ति के भारत दौरे के दौरान आतंकी वारदात हुई है। 20 मार्च, 2000 की रात को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के चिट्टीसिंहपोरा गांव में 36 सिख ग्रामीणों का नरसंहार किया था। यह घटना अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की 21-25 मार्च की यात्रा से ठीक पहले हुई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने क्लिंटन के सामने हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ होने का मुद्दा उठाया था। उस समय क्लिंटन जयपुर और आगरा के दौरे पर थे, जबकि विदेश मंत्री मैडलिन अलब्राइट और उप विदेश मंत्री स्ट्रोब टैलबोट भारतीय अधिकारियों से बातचीत करने के लिए दिल्ली में ही थे। वर्ष 2002 में जब दक्षिण एशियाई मामलों को लेकर अमेरिकी असिस्टेंट सेक्रेटरी क्रिस्टीना बी रोका भारत की यात्रा पर थीं, तब 14 मई, 2002 को जम्मू-कश्मीर के कालूचक के पास एक आतंकवादी हमला हुआ। तीन आतंकवादियों ने मनाली से जम्मू जा रही हिमाचल रोडवेज की बस पर हमला किया और सात लोगों की हत्या कर दी। इसके बाद आतंकी आर्मी क्वार्टर्स में घुस गए और अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 10 बच्चों, आठ महिलाओं और पांच सैन्यकर्मियों सहित 23 लोग मारे गए। मारे गए बच्चों की उम्र चार से 10 साल के बीच थी और इस हमले में कुल 34 लोग घायल हुए थे। इन आतंकी हमलों से जाहिर है कि पाकपरस्त आतंकियों ने हमला करने के लिए ऐसे वक्त का चुनाव किया जबकि कोई न कोई प्रमुख अमेरिकी भारत यात्रा पर आया हो। आश्चर्य की बात यह है कि इन हमलों के बावजूद अमेरिका ने कभी पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की। कहने को अमेरिका भारत को महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार बताता है, किन्तु हकीकत में उसका उद्देश्य सिर्फ व्यवसायिक हित साधना भर रहा है। अमेरिका के व्यवसायिक हित सर्वोपरि हैं। भारत के भारी विरोध के बावजूद अमेरिका ने पाकिस्तान को घातक एफ16 लड़ाकू विमानों की बिक्री की। इतना ही नहीं इनकी मरम्मत के नाम पर लाखों डालर की मदद भी अमेरिका करता रहा है। अमेरिका ने भारत के विरोध को नजरांदाज करते हुए यह सैन्य मदद दी। अमेरिका न सिर्फ भारत से दुश्मनी साधे हुए पाकिस्तान की हरसंभव मदद करता रहा है, बल्कि विदेशी धरती से भारत के खिलाफ साजिश करने वाले लोग और देशों का सहयोग भी करता रहा है। कनाडा में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में अमेरिका ने कनाडा की पैरवी की। कनाडा फाइव आई का सदस्य है। फाइव आईज में कनाडा का अहम सहयोगी अमेरिका ने पिछले साल निज्जर हत्याकांड में भारतीय एजेंट्स की कथित संलिप्तता के कनाडा के आरोपों पर टिप्पणी की थी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा था कि हमने साफ कर दिया है कि कनाडा के आरोप बेहद ही गंभीर हैं जिन्हें गंभीरता से लिया जाना चाहिए। हम चाहते थे कि भारत कनाडा की जांच में सहयोग करे लकिन भारत सहयोग नहीं कर रहा। इसके बजाए भारत ने एक वैकल्पिक रास्ता चुना है। इतना ही नहीं अमरीकी से भारत को आतंकी कार्रवाई की धमकी देने वाले खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू एयर इंडिया की फ्लाइट को उड़ाने की धमकी दी। इस पर भी अमेरिका ने जानबूझ कर नकेल नहीं कसी। हाल ही में अमेरिका की ओर से जारी किए गए बयानों में भी यह साफ किया जा चुका है कि वह पाकिस्तान को भारत या अफगानिस्तान के नजरिए से नहीं देखता है। अमेरिका की ओर से कहा गया कि वह भारत, चीन, ईरान, अफगानिस्तान से सीमा साझा करने वाले परमाणु सशक्त पाकिस्तान को एक महत्वपूर्ण देश समझता है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय का कहना है कि अमेरिका पाकिस्तान के साथ कई मुद्दों पर साथ मिलकर काम कर रहा है। इन मुद्दों में ऊर्जा, कारोबार, निवेश, स्वास्थ्य, क्लीन एनर्जी, क्लाइमेट संकट से बचाव, अफगानिस्तान में स्थिरता और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई शामिल है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि पाकिस्तान में विदेशी निवेश का सबसे बड़ा योगदान अमेरिका का है। साथ ही पाकिस्तान का सबसे बड़ा निर्यात बाजार भी है। भारत से दोस्ती का दंभ भरने वाले अमेरिका ने पाकिस्तान को आतंकी पालने पर कभी भी सख्त कार्रवाई नहीं की। इसके विपरीत भारत की तरक्की और परमाणु क्षमता अमेरिका को तब तक खटकती रही, जब तक भारत ने दोनों क्षेत्रों में विश्व में अपना लोहा नहीं मनवा दिया। भारत ने चाबहार पोर्ट को लेकर ईरान के साथ समझौता किया है। इससे भारत को ओमान की खाड़ी में स्थित इस रणनीतिक पोर्ट का संचालन अधिकार 10 साल के लिए मिल गया है। लेकिन इस समझौते को अमेरिका ने नापंसद कर दिया। अमेरिका ने भारत को प्रतिबंधों की चेतावनी जारी की। हालांकि, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका को दो टूक जवाब दे दिया।

पाकिस्तान का हिसाब किस तरह होगा?

विजय विद्रोही

कुछ जानकारों का कहना है कि पुलवामा के बाद भारत को यह सब तय कर लेना था और पाकिस्तान को सख्त चेतावनी दे देनी चाहिए थी कि अगर अगला हमला हुआ तो हम तुरंत जवाबी कार्रवाई करेंगे. एक, जैसे इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश बनाया वैसे ही मोदी को बलूचिस्तान बनाने में सक्रिय हो जाना चाहिए. दो, बलूचिस्तान के साथ-साथ खैबर पख्तूनख्वा में भी फैल रहे असंतोष को हवा देनी चाहिए. तीन, पाक के कब्जे वाले कश्मीर पर कब्जा करना चाहिए. चार, एलओसी के पार टैंक और विमानों से चढ़ाई कर देनी चाहिए ताकि एलओसी को बदला जा सके. पांच, दिल्ली में बैठे-बैठे ड्रोन से आतंक के सरगनाओं के छुपे ठिकानों पर हमला करना चाहिए. छह, कराची बंदरगाह बंद कर देने की कार्रवाई होनी चाहिए. सात, अब जब वीजा बंद है, अटारी बॉर्डर बंद है तो ऐसे में पाक उच्चायोग का दफ्तर दिल्ली में क्यों है. इस पर ताला जड़ देना चाहिए. आठ, कोवर्ट ऑपरेशन चलाना चाहिए और चुन-चुन कर आतंकी संगठनों, आईएसआई और सैन्य अफसरों की हत्या कर देनी चाहिए. नौ, सीमित युद्ध. दस, आर-पार की लड़ाई का समय आ गया है. सीमित युद्ध अगर सीमित नहीं रहा तो क्या होगा. भारत जो भी करेगा पाक सेना उसका जवाब देगी. तब क्या होगा. दुनिया के दूसरे देश भारत का कितना साथ देंगे. चीन क्या करेगा जिसका पैसा पाक में लगा और पीओके का एक हिस्सा पाक ने चीन को तोहफे के रुप में दे दिया है. कुछ जानकारों का कहना है कि हो सकता है कि चुनावी फायदे को देखते हुए ऐसे कदम उठाए जाएं जिनका जमकर प्रचार-प्रसार किया जा सके. सबसे बड़ी बात है कि दोनों देश परमाणु हथियारों से लैस हैं. भारत ने नो फर्स्ट यूज पर हस्ताक्षर किए हैं लेकिन अंतरराष्ट्रीय जगत के दबाव के बावजूद पाकिस्तान ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं. हालांकि कुछ जानकारों का कहना है कि परमाणु हथियारों के साये में सीमित युद्ध की गुंजाइश भी निकलती है और भारत के पास मौका भी है. अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प क्या ऐसा होने देंगे. वह यूक्रेन-रूस युद्ध खत्म करना चाहते हैं, इजराइल-हमास में समझौता करवाने में लगे हैं, ईरान से बात कर रहे हैं. ऐसे में वह भारत पाकिस्तान में तनाव को घटाना ही चाहेंगे. बहुत संभव है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बैक चैनल सक्रिय हो गए हों और बीच का कोई रास्ता निकाला जा रहा हो. हो सकता है कि ऐसा कुछ हो जिसके बाद दोनों देश अपनी-अपनी जीत का दावा करें. जैसा कि 2019 में हुआ था. जो जानकार सीमित युद्ध की बात कर रहे हैं वह भूल जाते हैं कि पाकिस्तान को इससे ज्यादा फायदा होगा. मान लीजिए कि भारत एलओसी पार कर पाक अधिकृत कश्मीर में प्रवेश करता है और नागरिकों की मौत होती है तो पाकिस्तान को मौका मिल जाएगा कि वह दुनिया के सामने भारत को हमलावर देश घोषित करे, इस बहाने पाक दुनिया से मध्यस्थता करने को कहेगा, कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीय करने की कोशिश करेगा और वहां की सेना पाकिस्तान की जनता की रक्षक बन कर उभरेगी. सेना कहेगी कि देखा, हम ही तुम्हारी सुरक्षा कर सकते हैं. भारत यह कभी नहीं चाहेगा कि पाक में जनरल मुनीर की सेना को तवज्जो मिले. उस सेना को, जहां भगदड़ मची है. सुना है सेना के सौ से ज्यादा अफसरों के इस्तीफे हो चुके हैं. जगह-जगह कोर कमांडर आपस में अधिकारों व इलाकों के लिए उलझ रहे हैं. सबसे सही उपाय तो यही है कि तीन मोर्चों पर भारत लड़े. एक, कूटनीति के स्तर पर. दो, कोवर्ट ऑपरेशन करके खतरनाक आतंकवादी सरगनाओं को मौत की सजा दे. तीन, अपने घर यानी कश्मीर को महफूज रखे. इसके लिए तारबंदी को मजबूत किए जाने से लेकर नफरी करने वालों को अत्याधुनिक उपकरण देना शामिल है. जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सही कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ सड़क पर उतरे कश्मीरी लोगों ने आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया है. अब जरूरत है उस स्थानीय जनता को विश्वास में लेने की, जो थोड़े पैसों के लालच में आतंकवादियों का साथ देते हैं. पहलगाम में मारे गए घोड़ी पालक सईद आदिल शाह की शहादत का इस्तेमाल इसके लिए किया जा सकता है. अगर सिर्फ संदेह के आधार पर स्थानीय लोगों की गिरफ्तारियां होंगी।

समंदर से सरहद तक इन 5 आधुनिक तकनीकी ताकतों के बूते गूंजता है भारतीय नौसेना का पराक्रम

स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर, परमाणु पनडुब्बियां, लंबी दूरी की मारक क्षमता, आधुनिक मिसाइल प्रणालियां और रोबोटिक सिस्टम जैसी टेक्नोलॉजी ने भारत की समुद्री सुरक्षा को आधुनिक बनाया है। आज हम भारतीय नौसेना की 5 बड़ी टेक्नोलॉजिकल उपलब्धियों के बारे में बात करेंगे और जानेंगे कि किस तरह भारतीय नौसेना दुनिया की टॉप समुद्री सेनाओं में शामिल हो गई है। भारतीय नौसेना ने हाल के सालों में बहुत तेजी से बड़ी तकनीकी उपलब्धियां हासिल की हैं। यही वजह है कि भारतीय नौसेना दुनिया की टॉप समुद्री सेनाओं में शामिल हो गई है। स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर, परमाणु पनडुब्बियां, लंबी दूरी की मारक क्षमता, आधुनिक मिसाइल प्रणालियां और रोबोटिक सिस्टम जैसी टेक्नोलॉजी ने भारत की समुद्री सुरक्षा को आधुनिक बनाया है। इतना ही नहीं इन कोशिशों से आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी बड़े कदम उठाए गए हैं। आज हम भारतीय नौसेना की 5 बड़ी टेक्नोलॉजिकल उपलब्धियों के बारे में जानेंगे। आईएनएस विक्रांत भारत का पहला पूरी तरह स्वदेशी विमानवाहक पोत है। इसे भारतीय नौसेना के लिए भारत में ही बनाया गया है। आईएनएस विक्रांत कोचीन शिपयार्ड में बनाया गया और साल 2022 से यह नौसेना का हिस्सा रहा है। इसकी लंबाई लगभग 262 मीटर है और यह 30 से ज्यादा लड़ाकू विमान ले जा सकता है। आईएनएस विक्रांत की वजह से भारत की समुद्री ताकत काफी बढ़ गई है। इसकी मदद से नौसेना को समुद्र के किसी भी कोने में हवाई हमले करने की क्षमता मिलती है। यह आत्मनिर्भर भारत अभियान की एक बड़ी उपलब्धि रहा है। आईएनएस अरिहंत भारत की पहली स्वदेशी और परमाणु शक्ति से चलने वाली पनडुब्बी है। इसकी मदद से भारत 'न्यूक्लियर ट्रायड' में शामिल हो पाया है। कहते का मतलब है कि आईएनएस अरिहंत जल, थल और वायु से परमाणु हमला करने की क्षमता भारतीय नौसेना को देता है। इस पनडुब्बी की खासियत है कि बिना सतह पर आए यह कई महीनों तक समुद्र में रह सकती है। इससे दुश्मन को इसकी लोकेशन का अंदाजा लंबे समय तक नहीं हो पाता। आईएनएस अरिहंत परमाणु मिसाइल भी दाग सकता है। इसकी वजह से भारत की सामरिक ताकत बहुत बढ़ जाती है। बता दें कि इसे विशाखापत्तनम के विशेष डॉकयार्ड में तैयार किया गया है। यह उपलब्धि अपने आप में दिखाती है कि भारत अब उन देशों में से एक है जो जटिल न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी में माहिर है। भारतीय नौसेना अब 'ब्लू वॉटर नेवी' बन चुकी है, यानी वह सिर्फ अपने समुद्री तट की सुरक्षा ही नहीं, बल्कि दुनिया के किसी भी समुद्र में जाकर अभियान चला सकती है। इसके लिए नौसेना ने आधुनिक युद्धपोत, टैंकर और सपोर्ट जहाज तैनात किए हैं। भारतीय नौसेना की ताकत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हमारे पास अब ऐसी टेक्नोलॉजी और जहाज हैं जो 7,000 किलोमीटर या उससे भी दूर जाकर ऑपरेशन कर सकते हैं। यह तकनीकी प्रगति भारत की समुद्री सुरक्षा, व्यापारिक मार्गों की रक्षा और आपदा राहत अभियानों में बेहद काम की साबित हुई है। भारतीय नौसेना के युद्धपोतों को सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणालियों से लैस किया गया है। इसमें ब्रह्मोस, बाराक-8 जैसी मिसाइलें शामिल हैं जो दुश्मन के विमानों, ड्रोन और मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर सकती हैं। यह सिस्टम पूरी तरह रडार और इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से जुड़ा है।

सीईओ एवं एडीएम ने की जनसुनवाई, सुनी समस्याएं

नीमच, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव एवं एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़ ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए 78 आवेदकों की सुनी समस्याएं और निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में सुवाखेड़ा की मानीबाई, कनावटी के बालकिशन बैरागी, खेड़ा कुशालपुरा की सम्पतबाई, पिपल्याघोटा के राधेश्याम बैरागी, खातीखेड़ा के सुखलाल, चल्दू के दशरथसिह, राजस्व कॉलोनी नीमच के शोभामल, बरखेड़ा के मदनलाल मीणा, उपरेड़ा के नंदलाल, चोथखेड़ा के ओमप्रकाश, गिरदौड़ा के किशनसिह, सेदरिया के दशरथ गायरी, अम्बेडकर कॉलोनी की गायत्री, दामोदरपुरा के मोतीलाल, निम्बाहेड़ा के सलीम मंसूरी, रतनगढ़ की रेखा, खोर के श्यामदास आदि ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इन आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित जिला अधिकारियों को दिए गए हैं।

प्रचार के लिए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नीमच, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीमच के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सिंह राजपूत के मार्गदर्शन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीमच की सचिव श्रीमती शोभना मीणा के निर्देशन में 10 मई 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला स्तर एवं तहसील स्तर पर किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए प्रचार वाहनों को मंगलवार को प्रधान जिला न्यायाधीश श्री वीरेंद्र सिंह राजपूत ने हरी झंडी दिखाकर नवीन जिला न्यायालय परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर जिला स्थापना पर पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार, लीगल एड डिफेंस काउंसल उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीमच की सचिव श्रीमती शोभना मीणा ने बताया कि यह प्रचार वाहन जिले के विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में जाकर लोक अदालत का प्रचार-प्रसार माइक व लाउडस्पीकर के माध्यम से करेंगे एवं आमजनों को लोक अदालत से होने वाले फायदे के बारे में जागरूक करेंगे, ताकि अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरण लोक अदालत में निस्तारित किए जा सके।

सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5587

		2		6	1			9
8		5	4				7	6
6		4						
		3		5	2			
			8		7			
			9	3		2		
						1		2
3	6				8	4		7
2			1	4		9		

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5586

7	3	2	5	6	1	8	4	9
8	1	5	4	2	9	3	7	6
6	9	4	7	8	3	5	2	1
1	8	3	6	5	2	7	9	4
4	2	9	8	1	7	6	3	5
5	7	6	9	3	4	2	1	8
9	4	8	3	7	5	1	6	2
3	6	1	2	9	8	4	5	7
2	5	7	1	4	6	9	8	3

वर्ग पहेली 5587

संकेत: बाएं से दाएं

1. 1980 में इस महान पार्श्वगायक का निधन हुआ था (6)
6. बर्फ, नीहार, हिमिका (2)
7. मर्मज्ञ, जो किसी का गुप्त भेद जानता हो (4)
9. ऊँची आवाज में बोली लगाकर माल बेचने का ढंग (3)
11. भय या शर्म के कारण कांप उठना (4)
12. शक, संदेह, भ्रम (3)
13. असमय, अनुपम (3)
14. तलहटी, निम्न क्षेत्री, अंचल, पक्ष (3)
16. महिला ईमाई चादरी को यह कहा जाता है (2)
18. भारत की प्रसिद्ध कारक्रम तुलांगना जिसे रवीन्द्रनाथ टैगोर ने नृत्य नाट्यों कहकर संबोधित किया था (5)
21. 332 द्वीपों वाले फिजी देश की राजधानी यह है (2)
22. यह वाद्य जिसमें तार लगे हों (2)
23. पर देने वाला, अभीष्ट दायक, वरदायक, वरदार (4)

ऊपर से नीचे

1. भगवान विष्णु का एक रूप (3)
2. आक्रमण करने वाला, आक्रमणकारी (5)
3. पुस्तक पढ़ने अक्षर (3)
4. यह शरीर को सबसे बड़ी हड्डी है (5)
5. पीर धारि करना, दहाड़ना, घनकना (3)
8. यह भारत का सीमावर्ती राज्य है इसकी पश्चिमी सीमा और उत्तर पश्चिमी सीमा पाकिस्तानी सीमा के साथ मिली हुई है (4)
10. जनता राजा को यह भी कहते है (5)
13. उन्नत, मनोहारी, प्रफुल्ल (4)
14. पुरुषानुसार कर्म अधिक दान के कारण इस उपाधि से विभूषित थे (4)
15. क्षय, क्षित, घिस (2)
17. यह इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप है (2)
19. पिता, पैदा करने वाला, पूज्य व्यक्ति (2)
20. देखा, सुर, हीरा (2)
21. पुत्रे, बेटी (2)

वर्ग पहेली 5586 का हल

त	मा	कि	न		शि	ड	र
ह	म	ला			ल	ल	त
त	ला		त	म	स		ना
ई		ख		आ	न	व	र
दी	र		ना	का		ऋ	
वी	शि		द	र	ब	द	र
	प	र	ना	ना			ख
राम	शि	व			त	का	व

शिवना शुद्धिकरण अभियान में नगर के जिम्मेदार लोगों ने किया बढ़-चढ़कर श्रमदान

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। जागरूक एवं लोकप्रिय विधायक श्री विपिन जैन के आव्हान पर मंदसौर नगर व आसपास क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों ने जवाबदेही लेते हुए उनके द्वारा प्रतिदिन श्रमदान किया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप नदी से गंदगी निकलने से धीरे-धीरे शिवना नदी साफ और स्वच्छ होती जा रही है। इस कार्य में कई समाज, संगठन, समाजसेवी, मातृशक्ति व जागरूक नागरिक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे है। छठे दिन इस अभियान के अंतर्गत 11 ट्राली जलकुंभी नदी से साफ की गई।

विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि शिवना नदी का शुद्धिकरण एवं संरक्षण करना हर नागरिक का कर्तव्य है। यह मंदसौर व आसपास के क्षेत्र की जीवन रेखा है। शिवना मैया का पूर्व की तरह साफ और स्वच्छ रखने का उनने संकल्प लिया है जिसमें हर व्यक्ति अपनी सहभागिता निभा रहा है। मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड ने बताया कि विधायक श्री जैन द्वारा नागरिकों से किये गये हर वादे को पूर्ण करने हेतु कृत संकल्पित है। शिवना शुद्धिकरण उनकी प्राथमिकता में है जिसको लेकर उन्होंने यह अभियान जनसहयोग से शुरू किया है जिसमें हर वर्ग अपनी सहभागिता कर रहा है। इस अभियान के छटे दिन मंगलवार को विधायक विपिन जैन, अखिल भारतीय साहित्य परिषद के नरेन्द्र भावसार, नन्दकिशोर राठौर, चंदा डांगी, अजय डांगी, सुरेन्द्र शर्मा, राहुल राठौर, दशपुर जागृति संगठन के सत्येन्द्रसिंह सोम, हरिशंकर शर्मा, टीम एवीएस के मनीष भावसार, आस्था भावसार, सुधांशु भावसार, समाजसेवी महेश दुबे, रिटायर्ड टीआई रामचन्द्र मालवीय ,मनीष जैन, अभिषेक तिवारी, राजू सतीदासानी, विनय धींग, घनश्याम भावसार, सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठकी सारिका बाकलीवाल, किरण रावका, कुसुम महेश पोरवाल, स्मिता कोठारी, हेमा हिंगड, मेघा डूंगरवाल, नम्रता मित्तल, अनिल धींग, पुष्पा राका, प्रेमलता मिण्डा, मधू कडावत, वर्षिता नाहर, कांग्रेसजन में सर्वश्री नवकृष्ण पाटील, मंजीतसिंह टूटेजा, रविन्द्रसिंह राका, डॉ. राघवेन्द्रसिंह तोमर, विकास दशोरा, तरूण खींची, राजनारायण लाड, रमेश ब्रिजवानी, अजय सोनी, मनोहर नाहटा, राजेश चौधरी, संजय नाहर, संजय सोनी, राजेश फरक्या, विश्वास दुबे, शैलेन्द्र बघेरवाल, दिलीप देवडा, पंकज रैकवार, मनोज जैन, कमलेश पाठक, भंवरलाल माली, शैलेन्द्र गोस्वामी, संजय राठौर, कमलेश धाकड, कमलेश पाठक, राजू परिहार, कैलाश कुमावत, रमेश धनगर, मिश्रीलाल ग्वाला, प्रीतम पंचोली, मोहनलाल धाकड, अमन जैन, दुर्गा शंकर धाकड ,रमेश सोनी, आमिन खान, कचरमल जटिया, गणपत कुमावत, मोहनपुरी गोस्वामी, राहुल जैन, मनीष मेहर, शिवशंकर सौलंकी, महिला नेत्री इष्ठा भाचावत, राखी सतरावाला, अनिता भदोरिया, सोनाली जैन, स्मिता उपाध्याय सहित बडी संख्या में नागरिकों ने श्रमदान किया।

पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु काउंसलिंग प्रारंभ

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा बतायागया किशासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय मंदसौर में डिप्लोमा प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए तकनिकी शिक्षा भोपाल से काउंसलिंग प्रारंभ हो चुकी है। इंजीनियरिंग क्षेत्र में अपना करियर बनाने के इच्छुक कक्षा 10 वीं पास विद्यार्थी अपना पंजीयन संस्था में आकर करा सकते है। मंदसौर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में चार ब्रांच कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन, मेकेनिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग संचालित हैं विद्यार्थी मनचाही ब्रांच में प्रवेश हेतु पंजीयन के लिए कक्षा 10 वीं पास अंकसूची, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की फोटो प्रतिलिपि तथा अपना पासपोर्ट साईज फोटो साथ लेकर आये। 2024-25 में कक्षा 10 वींकी परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थी जिनका परीक्षा परिणाम अभी नही आया है, वह भी अपना पंजीयन करा सकते है। संस्था में प्रवेश सम्बन्धी अन्य जानकारी के लिए प्रवेश शाखा प्रभारी श्री आकाश तिवारी (7987519842) और श्री पुलकित जोशी (9424033264) से संपर्क किया जा सकता है।फोन नं. 07024254020, Email-prinpoly.mns@mp.gov.in संस्था में प्रवेशित पात्र विद्यार्थियों को शासन के नियमानुसार फीस छुट और छात्रवृति का लाभ प्रदान किया जाता है।

देवड़ा कल करेंगें भूमि पूजन व लौह पुरुष सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण

नीमच, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। पाटीदार विकास ट्रस्ट नीमच-मंदसौर के तत्वाधान में भव्य विशाल कार्यक्रम का आयोजन 8 मई 2025 गुरूवार को होने जा रहा है जिसमें मॉ अंबे माता मंदिर का भूमि पूजन एवं लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति का अनावरण का कार्यक्रम रखा गया है। जानकारी देते हुवें क्षेत्रीय पाटीदार समाज अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पाटीदार (मनासा खुर्द) ने बताया कि पिपलिया मंडी स्थित पाटीदार समाज की नवीन धर्मशाला में दिनांक 8 मई 2025 को गुरूवार को कुलदेवी श्री अम्बे माता मंदिर के भव्य भूमि पूजन एवं समाज के गौरव, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की प्रतिमा अनावरण समारोह का आयोजन रखा गया है। जिसमें सुबह साढें सात बजे कलश यात्रा, साढें दस बजे भूमि पूजन व मूर्ति लोकार्पण इसके बाद सभी अतिथियों के साथ समाजजनों का स्नेह भोज भी है। वही आयोजन को लेकर समाज के पदाधिकारी गांव-गांव जाकर कार्यक्रम सफल बनाने का अनुरोध कर रहे हैं एंव आमंत्रित पत्रिका दे रहे है जिससे समाज में अपार उत्साह देखा गया है कार्यक्रम में समाज के कहीं बडे पदाधिकारी गण समाजसेवी शामिल होंगे।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुवें सचिव प्रहलाद पाटीदार ने बताया कि पाटीदार विकास परिषद टस्ट के तत्वावधान में होने वालें आयोजन में मुख्य अतिथि बतौर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश जी देवडा

म.प्र.शासन, कार्यक्रम की अध्यक्षता, श्रीमान् वल्लभ भाई जी पटेल, नियोजक पटेल मोटर्स प्रायवेट लिमिटेड, इन्दौर श्रीमान् परमानन्दजी पाटीदार, डायरेक्टर, वण्डर सीमेन्ट उदयपुर (राज.), विशेष अतिथि बतौर श्री श्री 108 श्री शांतिस्वामीजी महाराज, सारंगपुर (गुजरात), श्री सुधीर गुप्ता, सांसद लोकसभा क्षेत्र नीमच मन्दसौर, श्री हीरालालजी पाटीदार चेयरमेन (मंत्री स्तर) वन एवं पर्यावरण विभाग, भारत सरकार भोपाल, श्री अरविन्द महाराज, पीठाधीश बालाजी टेकरी, पिपलिया मंडी (म.प्र.), श्री गोपाल भाई, समाजसेवी सरदार पटेल प्रेमी चमाडी अमेरली (गुजरात), श्री कृष्णकांतजी पटेल, अध्यक्ष म. प्र. पाटीदार समाज, तिरला जि. धार (म. प्र.), श्री शिवलालजी पाटीदार, प्रदेश अध्यक्ष पाटीदार समाज, प्रतापगढ (राज.), श्री अरुणजी भीमावत, विधायक, शाजापुर (म. प्र.), श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार, अध्यक्ष जिला पंचायत मन्दसौर (म. प्र.), श्रीमती पुष्पा कन्हैयालाल पाटीदार, अध्यक्ष जनपद पंचायत मल्हारगढ, जि. मन्दसौर (म. प्र.), श्री नन्दकिशोरजी पाटीदार, प्रदेश महामंत्री म. प्र. पाटीदार समाज, भोपाल (म.प्र.), श्रीराम पाटीदार, डायरेक्टर कृषि दर्शन मौलाना, बडनगर, जिला उज्जैन (म. प्र.), श्री कांशीरामजी पाटीदार, डायरेक्टर जागृति कोल्ड स्टोर, उज्जैन (म. प्र.), श्री राजेश भाई, डायरेक्टर एरोकेम इण्डस्ट्रीज रतलाम (म. प्र.), श्री मनोहर पाटीदार, संयोजक पाटीदार समाज महानगर इन्दौर (म. प्र.), श्री बलराम सेठ, जिलाध्यक्ष पाटीदार समाज, इन्दौर (म. प्र.), श्री जीवनजी पाटीदार, प्रदेश अध्यक्ष पाटीदार समाज, मन्दसौर (म. प्र.), श्री जमुनालालजी पाटीदार, प्रांत प्रतिनिधि तितरी, जिला रतलाम (म. प्र.), श्री आशारामजी पाटीदार, अध्यक्ष गौशाला दलौदा लसुडावन, जिला मन्दसौर (म. प्र.) विशेष रूप से मौजूद रहेंगें

यूसीमास प्रतियोगिता में मंदसौर के सभी 28 बच्चे रहे विजेता

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। मास्टर फ्रेंचाइजी यूसीमास म.प्र. द्वारा 20वां राज्य स्तरीय यूसीमास प्रतियोगिता का आयोजन इन्दौर के अभय खेल प्रशाल में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में मंदसौर से 28 बच्चे ने भाग लिया। सभी बच्चों ने अपना उत्कृष्टप्रदर्शन कर विजय हांसिल की वहीं इस प्रतियोगिता में 5 बच्चे मेरिट में आये। प्रतियोगिता आयोजकों द्वारा मंदसौर में यूसीमास का प्रशिक्षण दे रहे कोर्स इंस्ट्रक्टर नरेन्द्र कुमार का भी इस दौरान सम्मान किया गया।

उक्त जानकारी देते हुए यूसीमास कोर्स इंस्ट्रक्टर नरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पुरे मध्यप्रदेश के 5 हजार से अधिक बच्चों ने भाग लिया मंदसौर से 28 बच्चों ने भाग लिया जिसमें रणवीर चंदवानी, प्रखर मण्डवारिया, हिमानी पाटीदार, अदम्य पाटीदार,

अनव्या छाबड़ा ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। साथ ही शेष बच्चे भव्या डालवानी, नेहान इस्लाम, एंजल खाबिया, प्रियाशा चन्द्रावत, यशस्वी सांखला, युवराज खत्री अभिजीत बामनिया, प्रतीक चंदवानी, धार्मिक पोरवाल, समृद्धि सेनी, निरपेश शर्मा, रिषद पाटीदार, महिमा बाबानी, आध्या पारिख, नैतिक सोनी, सिद्धी बालवानी, साक्षी पाटीदार, भूमिका पाटीदार, सम्यक पारिख, रियांश पाटीदार, युवाम रैकवार, सहर्ष पारिख, अनाया छाजेड़ भी विजयी रहे। इन्हें आयोजन समिति द्वारा ट्रॉफी व सर्टीफिकेट प्रदान किये गये। इस प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चे हैदराबाद में आगामी दिनों में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय यूसीमास प्रतियोगिता में भाग लेंगे। नरेन्द्र कुमार ने बताया कि भाग लेने वाले बच्चे दो माह से नियमित रूप से यूसीमास की प्रेक्टिस कर रहे थे। विगत वर्ष आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में मंदसौर के 23 बच्चों ने पुरस्कार प्राप्त किये थे।

राघव जैन ने 16,800 फीट हाइट पर लहराया तिरंगा

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। राघव जैन पिता सुभाष जैन जिला मंदसौर माउंटेनियरिंग सगठन के नेतृत्व में माउंटेनियरिंग कोर्स से सबंधित सभी एडवेंचर कोर्स, स्कीइंग कोर्स, पैराग्लाइडिंग कोर्स, एवं हाई एल्टीट्यूडट ट्रेकिंग कोर्स मंदसौर रहकर पूरे किए एवं एनसीसी कैडेट के रूप में कक्षा 12वीं सेंट थॉमस विद्यालय से उत्तीर्ण होने के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय दिल्ली में प्रवेश लिया, जहां पर 1 दिल्ली जल सेना एनसीसी में परीक्षा उत्तीर्ण कर एनसीसी में भर्ती होने का अवसर प्राप्त किया जहां पर स्कूल समय में जो भी कोर्स किए गए हैं उन सभी कोर्स का बहुत बेनिफिट मिला और प्रथम वर्ष में ही भारत सरकार द्वारा संचालित पर्वतारोहण संस्थान में बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स हेतु चयन हुआ यहा पूरे भारतवर्ष से प्रत्येक बटालियन से एक एक अलग-अलग छात्राओं का चयन हुआ था जिसमें राघव ने अपने पूर्व प्राप्त किए प्रमाण पत्रों का बेनिफिट प्राप्त किया और भारत सरकार के भारतीय हिमालयन एडवेंचर एवं इको टूरिज्म केंद्र सिक्किम पश्चिम बंगाल में बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उत्तरी सिक्किम में युमथांग घाटी मैं बेस कैंप लगाया गया इसके बाद सभी पर्वतारोही द्वारा पिक सबमिट करने हेतु पैदल ट्रैकिंग करते हुए 16,800 फीट की उंचाई पर तिरंगा फहराया। जहां पर पूरे भारत से चयनित छात्र-छात्राएं कोर्स के लिए आए जिसमें से 46 प्रतिभागी इस पिक को सबमिट कर पाए है। जिसमें मंदसौर का होनहार छात्र राघव जैन फ़स्ट 5 लोगो में सबसे पहले पिक सबमिट किया। राघव को बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स सुरक्षित पूरा कर लौटने पर जिला मंदसौर माउंटेनियरिंग संगठन के संरक्षक डॉक्टर क्षितिज पुरोहित, कुलदीप सिंह सिसोदिया, पदेन अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, पदेन उपाध्यक्ष एवं अनुविभागीय अधिकारी शिवलाल शाक्य, पदेन उपाध्यक्ष एवं जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवडा, कार्यकारी अध्यक्ष विजय सिंह पुरावत, कार्यकारी उपाध्यक्ष सचिन जैन, विश्व मोहन अग्रवाल, राकेश श्रीवास्तव, सहसचिव जेनिश बरडिया, कोषाध्यक्ष धीरज शुक्ला, माउंटेनियर कृष्णा दास, कृष्णा कनौजिया, सुश्री नेहा शर्मा, सुश्री रिंकू शुक्ला, सुश्री खुशी सिसोदिया, आदि ने बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मप्र जनअभियान परिषद के उपाध्यक्ष नागर आज नीमच जिले में

नीमच, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। म.प्र. जनअभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग म.प्र.के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर 6 मई को दोपहर 3 बजे शाजापुर से प्रस्थाथन कर, रात्रि 8 बजे नीमच आएंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। श्री नागर 7 मई को सुबह 8.30 से 9.30 बजे तक कुकडेश्वर के वार्डनंबर 3 में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राचीन बावडी में स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक कुकडेश्वर में आयोजित आदि गुरू शंकराचार्य व्याख्यान माला में सहभागिता कर, प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान समारोह और दोपहर एक बजे सामाजिक समरसता भोज में शामिल होने के बाद दोपहर 2 बजे मंदसौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

कलेक्टर द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग एवं अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन द्वारा सुशासन भवन सभाकक्ष में 40 आवेदकों की समस्याएं सुनी। अधिकारियों को जल्दी निराकरण करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही झलारा निवासी आवेदक कुशालीबाई प्रधानमंत्री आवास प्रदान करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर कलेक्टर ने सीईओ मल्हारगढ को निर्देश दिए जांच कर कार्यवाही करें। मंदसौर जिले के तिलाई के रहने वाले वरदीचन्द्र ने प्लॉट पर अवैध कब्जे के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देश दिए जांच कर कार्यवाही करें।

मंदसौर जिले के पिपलियामण्डी की कोशल्याबाई ने राशन नही मिलने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने जिला आपुर्ति अधिकारी को निर्देश दिए जांच कर कार्यवाही करें। जनसुनवाई के दौरान अतिक्रमण हटाने, पानी की निकासी के संबंध में, कृषि भूमि का पट्टा, प्रधानमंत्री आवास योजना, आर्थिक सहायता, स्वत्तों के भुगतान, संबंल योजना, खाते में नाम सुधार, जमीन नामांतरण इत्यादि तरह तरह के आवेदन आए। उक्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने की निर्देश दिए।

जिला जैल मंदसौर में कैम्प सम्पन्न

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। जिला जेल मंदसौर में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं को लेकर जेल में निरुद्ध कैदियों के लिये आयुष्मान कार्ड, ई श्रम कार्ड, संबल योजना तथा आभा योजना का कैंप लगाया गया। जिसमें जेल में 100 से अधिक निरूद्ध कैदियों के विभिन्न योजनाओं के कार्ड अनिल नारानिया द्वारा बनाये गये तथा उन्हें शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। कैम्प न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुधीरसिंह निगवाल, जिला विधिक सहायता अधिकारी अर्पणा लोधी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कैम्प में जिला जेल अधीक्षक श्री पी.के.सिंह द्वारा पूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर पीएलवी श्रीमती माधुरी सोलंकी जिला जेल शिक्षक सूरज पाटीदार भी उपस्थित रहे। उक्त समस्त सभी शासकीय योजनाओं की जानकारी तथा कार्ड की सेवाएं अनिल नारानिया द्वारा दी गई।

जल गंगा संवर्धन अभियान स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता सम्पन्न

नीमच, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री अमन वैष्णव के निर्देशानुसार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में म.प्र.जन अभियान परिषद विकासखण्डर नीमच के मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए जल संरक्षण पर आधारित स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने सहभागिता कर पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया। प्रतियोगिता में निर्णायकों परामर्शदाताओं द्वारा श्रेष्ठ कृतियों का चयन कर, प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम ईश्वर, स्लोगन में प्रथम कल्पना घावरी, द्वितीय स्थान बेबी कुंवर चौहान एवं नितिन सक्सेना, तृतीय स्थान सीमा शर्मा तथा राहुल कुमार माली व हेमलता मेघवाल ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया। जिला समन्वयक श्री वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, लेखापाल श्री पवन कुमरावत एवं परामर्शदाताओं ने जल संरक्षण हेतु व्यापक जन जागरूकता के लिए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया।

दशरथ गायरी समाज के जिलाध्यक्ष निर्वाचित

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। ग्राम भून्याखेडी के श्री दशरथ धनगर गायरी समाज के जिलाध्यक्ष चुने गए। जिसमें समाज के 358 प्रतिनिधियों में से 232 मतदाताओं ने चुनाव में भाग लिया। एक भी मत निरस्त नहीं हुआ। श्री दशरथ धनगर को 113, श्री ओमप्रकाश चौहान को 82, श्री कैलाश पाठोला को 19, श्री कन्हैयालाल को 18 मत प्राप्त हुए। समाज के मार्गदर्शक मण्डल एवं कोर कमेटी के अध्यक्ष श्री कचरूलाल चडावत, उपाध्यक्ष श्री रामलाल धनगर, सचिव विक्रम विद्यार्थी, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि वीरम धनगर, जनपद सदस्य श्री बंशीलाल धनगर, चुनाव प्रभारी श्री अम्बालाल धनगर, श्री राजेश धनगर ने अध्यक्ष श्री दशरथ धनगर नवनिर्वाचित अध्यक्ष को साफ बांधकर एवं पुष्पमाला से स्वागत किया गया। उक्त जानकारी श्री रामलाल धनगर द्वारा दी गई।

छात्रा आंचलकुंवर रही जिले की मेरिट में प्रथम स्थान पर

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीपाखेडा की छात्रा कु. आंचलकुंवर पिता अमरसिंह भाटी निवासी साताखेडी ने 500 में से 474 अंक प्राप्त कर 95 प्रतिशत के साथ जिले की मेरिट में कला संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय का कक्षा 12वी विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत, कक्षा 12वी कला संकाय का परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत तथा कक्षा 10वी का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत के साथ प्रथम श्रेणी में 49, द्वितीय श्रेणी में 40 तथा तृतीय श्रेणी में 8 छात्र रहें। इसी प्रकार 12वी विज्ञान संकाय में कुल 22 छात्रों में से प्रथम श्रेणी में 20 तथा द्वितीय श्रेणी में 2 विद्यार्थी रहे। कु. आंचल कुंवर अमरसिंह भाटी एवं लोकेश बाबुदास ने म.प्र. शासन योजना अन्तर्गत स्कुटी की पात्रता हासिल की हैं तथा 15 छात्र-छात्राओं ने लैपटॉप की पात्रता शासन की योजना अनुसार प्राप्त की है।

मंदसौर मंडी भाव

उपज	आवक बोरी में	न्यूनतम	अधिकतम
मक्का	4	2071	2151
उडद	1	3701	3701
सोयाबीन	1895	4000	4360
गैहु	5000	2412	2801
चना	122	5350	5600
मसुर	37	6181	6240
धनिया	61	6060	7341
लहसुन	11000	3000	9100
मैथी	323	3838	5922
मुंगफली	192	3800	5000
अलसी	643	6925	7401
सरसो	72	5499	5821
तारामीरा	0000	0000	0000
इसबगोल	72	8000	11444
प्याज	977	300	901
कलोंजी	13	11853	20553
तुलसी बीज	0000	0000	0000
डॉलर	28	7080	9101
तिल्ली	0000	0000	0000
जौ	15	2412	2801
मटरसुखी	0000	0000	0000
असालीया	43	6240	6481
चियाबीज	29	10999	14331

भारतीय इतिहास के गौरव महाराणा प्रताप...

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। महाराणा प्रताप ने वीरता और साहस का जो आदर्श प्रस्तुत किया वह अद्वितीय हे। उन्होने जिन परिस्थितियों में संघर्ष किया वे वास्तव में जटिल थी पर उन्होंने हार नही मानी उन्होने अपनी मातृभूमि को न तो परतंत्र होने दिया और न ही कलंकित होने दिया।

पत्र संपादक के नाम
संपादक की सहमति आवश्यक नहीं

स्वतंत्रता भारतीय राष्ट्र का अनंतकाल से चरम आदर्श रहा हे और इस स्वतंत्रता के लिए भारत और यन्हा की संतानो ने बड़े से बड़ा मूल्य चुकाने में कभी संकोच नही किया। कह सकते हे स्वतंत्रता भारतीय राष्ट्र जीवन की मूल प्रेरणा में रचा बसा शाश्वत और सनातन तत्व हे जिसकी रक्षार्थ भारत की संतानो ने संघर्ष व युद्ध को सदियो तक अनवरत जारी रखा। भारत के ज्ञात इतिहास में इसका सबसे प्रखर अनुभव आक्रमणकारी और तथाकथित विश्वविजेता सिकंदर को भारत की सीमा को छूते छूते सिंधु तट पर आया था और वह अनुभव इतना तीखा व तीव्र था की तथाकथित विश्व विजेता का सम्पूर्ण पृथ्वी पर अधिकार का स्वप्न न केवल भंग हुवा बल्कि भारतीय वीरो के तिरो से छलनी हुवे उसके शरीर का भी शीघ्र ही अंत हुवा और मैदान छोड भागते हुवे उसकी विशाल सेना को पहली बार विश्व ने देखा। स्वतंत्रता के लिए संघर्ष की भारत की उसी सनातन, पुरातन और गौरवशाली परंपरा में राणा प्रताप के जनयुद्ध का इतिहास स्वर्णाक्षरों में लिखा हुवा हे। राणा प्रताप के नेतृत्व में लडे गए इस महान युद्ध के पग पग पर भारतीय जीवन मूल्यो का दर्शन हमे होता जाता हे और इस प्रकार मेवाड का यह संघर्ष विदेशी आक्रमणकारियों के विरुद्ध राष्ट्रीय महायुद्ध का स्थान स्वत ही प्राप्त कर लेता हे। राणा प्रताप के नेतृत्व में क्रूर और बलवान विदेशी आक्रमणकारी से लडे गए मेवाड के इस युद्ध की प्रेरणा राष्ट्रीय थी और सत्य और न्याय के साक्ष्य में यह युद्ध लडा गया था। मेवाड का एक एक बच्चा इस युद्ध के सैनिक था और नारी शक्ति भी इस युद्ध में स्वयं जगदम्बा रूप में खड्ग धारण कर शत्रुओ पर काल बनकर टूट पडी थी। जंहा इस युद्ध से उठी जोहर की पवित्र लपटो ने अखिल विश्व को चारित्रिक उज्ज्वलता के प्रकाश से सरोबार कर दिया था तो राष्ट्रहित में सर्वस्व अर्पण कर देने वाले भामाशाह के त्याग ने मानव जाति को अनंतकाल के लिए देवत्व की पदवी से विभूषित किया था। यह संघर्ष कितना महान और विलक्षण था इसका साक्ष्य इस संघर्ष के नायको और सामान्यजन के विराट चरित्र से प्रकट हुवा। मातृभूमि की स्वतंत्रता तक महलो और स्वर्णपात्रो का त्याग करने की राणा प्रताप की प्रतिमा उनके साथियो व अनुयायियो के लिए बलिदान और कष्टपालन की आज्ञा बनी थी। राष्ट्रीय स्वाधीनता का केसा महान रण, रंग चढा होगा उन मतवालो पर जो युद्ध के लगभग पांच सो वर्ष उपरांत भी उतरना तो दूर फीका तक नही हुवा।

गौरव सोनी, मंदसौर

जिला प्रशासन की मेहनत रंग लाई....

बोर्ड परीक्षाओं में नीमच जिले के विद्यार्थियों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

12वीं बोर्ड परीक्षाओं में प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा नीमच जिला

नीमच, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र.भोपाल द्वारा मंगलवार को बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा द्वारा परीक्षा परिणाम वृद्धि के लिये किये गये प्रयासो से उल्लेखनीय वृद्धि के साथ कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में प्रदेश स्तर पर नीमच जिले ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 86.34 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है। कक्षा 10वीं में पांचवा स्थान प्राप्त कर जिले का परिणाम 87.29 प्रतिशत रहा हैं। शासकीय विद्यालय के परीक्षा परिणाम में जिले ने प्रदेश मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सत्र 2024 के परीक्षा परिणाम की तुलना में कक्षा 12वीं में 9.34 प्रतिशत एवं कक्षा 10वीं में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कलेक्टर के जिले में आगमन के साथ ही लगातार प्राचार्यों की बैठक आयोजित कर मासिक टेस्ट, त्रैमासिक व अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए बेहतर परिणाम हेतु आवश्यक सुझाव एवं निर्देश समय-समय पर दिये गये हैं।

कलेक्टर द्वारा जिले के समस्त कमजोर विद्यार्थियों की उन्नमुखीकरण कार्यशाला टाउन हॉल नीमच में आयोजित की गई थी, जिसमें कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, वरिष्ठ प्राचार्यों एंव उत्कृष्टपरीक्षा परिणाम वाले विद्यार्थियों द्वारा सफलता के टिप्स दिये गये थे। कलेक्टर के निर्देशानुसार परीक्षा से पूर्व शेष समय प्राचार्य एवं स्टाफ सदस्य अतिरिक्त मेहनत कर विद्यालय का गुणवत्ता पूर्ण परीक्षा परिणाम लाने हेतु एक्शन प्लान बनाकर कियान्वयन किया गया। कक्षा 10वीं में 40 शासकीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा तथा 75 प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीण हुए। इसी प्रकार से कक्षा 12वीं में 7 शासकीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा तथा 73 प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। यह जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एम.मांगरिया ने दी है। जिले को हांसिल इस उपलब्धी पर कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों, सभी विद्यार्थियों और शिक्षकगणों तथा अभिभावकों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए हार्दिक शुभकामनाए एवं बधाई दी हैं।

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की विशेषज्ञता का लाभ संपूर्ण प्रदेश को समान रूप से मिले-मुख्यमंत्री

सहकारी संघों के साथ निजी डेयरी संचालकों को भी आवश्यक कंसल्टेंसी उपलब्ध कराई जाए, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से अनुबंध के बाद हुई कार्रवाई की समीक्षा

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करना हमारा संकल्प है। इसके लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की डेयरी क्षेत्र में विशेषज्ञता का लाभ संपूर्ण प्रदेश को समान रूप से मिले यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। सहकारी संघों के साथ निजी डेयरी संचालकों को भी आवश्यक कंसल्टेंसी उपलब्ध कराई जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए अन्य राज्यों की बेहतर नस्ल की गाय-भैंसों को प्रदेश में लाने और उन्हें किसानों को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि प्रदेश में उत्पादित दूध के वैल्यू एडिशन के बाद ही डेयरी उत्पाद प्रदेश के बाहर जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और म.प्र. राज्य सहकारी दुग्ध संघ के मध्य संपादित अनुबंध के बाद की गई कार्रवाई की समत्व भवन में समीक्षा कर रहे थे। बैठक में पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के प्रमुख श्री मिनेश शाह, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री एस. रघुपति, महाप्रबंधक श्री संजय गोबानी सहित अधिकारी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में बड़ी गौशालाएं विकसित की जा रही हैं। इनके विकास और बेहतर प्रबंधन से भी दूध उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि निजी विश्वविद्यालय भी डेयरी टेक्नोलॉजी और एनिमल हसबेंडरी संबंधी कोर्स संचालित करें। विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थाओं के तकनीकी विशेषज्ञों को गौशालाओं से जोड़कर उनके मार्गदर्शन और निर्देशन से गौशालाओं के प्रबंधन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।बैठक में बताया गया कि अनुबंध के परिपालन में प्रदेश के दुग्ध संघों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों का प्रभार राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा नामित मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सौंपा जा चुका है। निर्देशानुसार प्रदेश की दुग्ध सहकारी समितियों के कव्हरेज क्षेत्र के विस्तार, दुग्ध संकलन, दुग्ध प्रसंस्करण और दुग्ध उत्पादों के लिए अद्यतन तकनीक पर आधारित अधोसंरचना विकसित करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के समन्वय से कार्य जारी है।

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड अगले पांच साल में प्रदेश के कम से कम 50 प्रतिशत गांवों में प्राथमिक डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना के लक्ष्य के साथ कार्य कर रहा है। इससे बड़ी संख्या में किसानों को लाभ मिलेगा। किसानों को दूध का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से दुग्ध संघों द्वारा दूध खरीदने की दर में वृद्धि की गई है। दुग्ध संकलन, गुणवत्ता नियंत्रण, भंडारण व्यवस्था आदि की विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा की जा रही है। सम्पूर्ण डेयरी वैल्यू चेन के डिजिटलाईजेशन के अंतर्गत ऑटोमेटिक मिल्क कलेक्शन सिस्टम का क्रियान्वयन प्रस्तावित है। मध्यप्रदेश डेयरी विकास योजना के अंतर्गत डेयरी सहकारी कव्हरेज के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के साथ ही दूध और दूध के उत्पादों के विपणन में सुधार के लिए कोल्ड चैन इन्फ्रास्ट्रक्चर, मिल्क पार्लर स्थापना, ब्राण्ड प्रमोशन, मार्केट स्टडी प्रस्तावित है। दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए पशुओं के पोषण और स्वास्थ्य के संबंध में विशेषज्ञतापूर्ण गतिविधियां संचालित की जाएंगी। साथ ही राज्य शासन की किसान कल्याण योजनाओं की डेयरी सहकारी संस्थाओं के समन्वय से क्रियान्वयन के लिए भी पहल होगी।

लोक अदालत 10 मई को, बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण में होंगे समझौते

ऊर्जा मंत्री तोमर ने उपभोक्ताओं से की लंबित प्रकरणों का निराकरण कराने की अपील

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। प्रदेश में 10 मई 2025 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी। इसमें बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही प्रकरणों में छूट दी जाएगी। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।

प्री-लिटिगेशन स्तर पर - कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। लिटिगेशन स्तर पर - कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

लोक अदालत में छूट शर्तों के तहत दी जाएगी-आवेदक को निर्धारित छूट के उपरांत शेष बिल आंकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा।उपभोक्ता/उपयोगकर्ता को विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर एवं अन्य परिसरों पर उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन/संयोजनों के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान भी करना होगा।आवेदक के नाम पर कोई वैध कनेक्शन न होने की स्थिति में छूट का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक द्वारा वैध कनेक्शन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित कनेक्शनों के विरूद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा।नेशनल लोक अदालत में छूट आवेदक द्वारा विद्युत चोरी/अनधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जाएगी। विद्युत चोरी/अनधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत/अदालतों में छूट प्राप्त किये उपभोक्ता/उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे।सामान्य बिजली बिलों में जुड़ी बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जाएगी। नेशनल लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट आकलित सिविल दायित्व राशि दस लाख रुपये तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी। यह छूट मात्र नेशनल लोकअदालत 10 मई 2025 को समझौते करने के लिये ही लागू रहेगी।

तुलसी विवाह कर पूरी करेंगे कन्यादान की इच्छा

कुचड़ोद, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। कारुराम कुमावत के घर बुधवार को तुलसी विवाह हो रहा है। उनके बड़े बेटे राधेश्याम के बेटे की शादी है। इसी के साथ तुलसी विवाह भी किया जा रहा है। कारुराम ने बताया कि उनके दो बेटे हैं। दोनों के भी बेटे ही हैं। घर में बेटी नहीं है। कन्यादान की इच्छा थी। इसलिए तुलसी माता का विवाह करने का निर्णय लिया।

मंगलवार को श्रीराम जानकी मंदिर से ठाकुर जी की रेवाण निकली। डीजे और ढोल के साथ नगर भ्रमण करते हुए ठाकुर जी को शीतला माता मंदिर लाया गया। यहां विधि विधान से पूजा की गई। बुधवार सुबह 10 बजे ठाकुर जी को बग्घी में विराजित कर पांच ढोल और डीजे के साथ बारात निकाली जाएगी। यह बारात कारुराम कुमावत के घर पहुंचेगी। परिवार और रिश्तेदार बारात का स्वागत करेंगे। इसके बाद ठाकुर जी और तुलसी माता का विवाह विधि विधान से संपन्न होगा। कारुराम ने बताया कि तुलसी विवाह उसी तरह किया जा रहा है, जैसे बेटी का विवाह किया जाता है। सात दिन के लग्न रखे गए। गंगा माता की कलश यात्रा निकाली गई। बारात के स्वागत की पूरी तैयारी की गई। बारातियों के भोजन की व्यवस्था पंच कुमावत धर्मशाला में की गई है। तुलसी माता को वही दहेज दिया जाएगा, जो अपनी बेटी को दिया जाता है।

हाई स्कूल परीक्षा में साक्षी भाटी को 85% अंक मिले

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। सुभाष इंग्लिश स्कूल की छात्रा सुश्री साक्षी पिता संजय भाटी को माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा आयोजित हाई स्कूल दसवीं की परीक्षा में 85% अंक प्राप्त हुए हैं साक्षी भाटी ने 500 अंकों में से 428 अंक प्राप्त कर हाई स्कूल 10वीं की परीक्षा 85% अंकों से उत्तीर्ण करते हुए सभी 6 विषयों में विशेष योग्यता अर्थात डीस्टिन प्राप्त की है छात्रा सुश्री साक्षी पिता संजय भाटी की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य श्री विक्रम भटनागर व विद्यालय स्टाफ ने बधाई दी है।

शाउमावि नंदावता का परिणाम श्रेष्ठ रहा

नंदावता, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदावता के बोर्ड परीक्षा कक्षा 12 वी का परीक्षाफल 89% प्रतिशत रहा जिसमे 55 विद्यार्थी सम्मलित हुए 30 प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण रहे तथा 19 द्वितीय रहे। इसी प्रकार कक्षा 10 वी मे 50 विद्यार्थी सम्मलित हुए जिसमे 41 प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण हुए तथा 8 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी मे उत्तीर्ण हुए। विद्यार्थियो की उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य वजेराम बामनिया , रामरतन कुमावत, दुर्गालाल सेन, शम्भू सिंह खरवर, मनोहर झावा, कंवर लाल प्रजापत, कैलाश पाटीदार, चन्द्रशेखर हलकारा ,पिंकी कुमावत, प्रेरणा उपाध्याय, गायत्री प्रसाद शर्मा , रानू सेन, प्रीति पाटीदार, पूजा शर्मा, पूजा मालवीय आदि ने बधाई दी।

जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री पीसी चौहान द्वारा बताया गया कि कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक सुशासन भवन सभागार में आयोजित हुई। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी,पर्यवेक्षक एवं ब्लॉक समन्वयक उपस्थित थे। बैठक में 1 अप्रैल 2025 से 15 अप्रैल 2025 तक जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आंगनबाडी केंद्रों के निरीक्षण में पाई गई कमियों के संबंध में चर्चा की गई एवं कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देश दिए गए। आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका जो मुख्यालय पर निवासरत नहीं है उन्हें सेवा से पृथक किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। आंगनवाडी पर हितग्राहियों की उपस्थिति बढ़ाने, बच्चों को नियमित भोजन एवं नाश्ते का वितरण करना, टेक होम राशन प्रदाय सुनिश्चित करने एवं पोषण ट्रैकर एप में प्रविष्टि किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया कि अपने आंगनबाडी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त बच्चों का आधार पंजीयन सुनिश्चित करें। आंगनवाडी केंद्र में अतिकम वजन के बच्चों का सही चिन्हांकन करते हुए उन्हें समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन के माध्यम से प्रोटोकॉल के तहत आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने एवं चिकित्सकीय जटिलता वाले बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती किए जाने के विशेष निर्देश दिए गए। आंगनबाडी केंद्रो में साफ सफाई नियमित किए जाने हेतु निर्देश दिए गए। गरोठ परियोजना के अनुपस्थित पर्यवेक्षक को निलंबित किए जाने हेतु निर्देश दिए गए।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा आज नीमच आएंगे

नीमच, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा आज 7 मई को नीमच आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा आज 7 मई को शाम 4.00 बजे कार द्वारा मंदसौर से प्रस्थान कर शाम 5.00 बजे नीमच आएंगे और स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। तत्पश्चात वे शाम 6.30 बजे नीमच से सड़क मार्ग द्वारा मंदसौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पक्षियों के लिए विद्यार्थियों ने सकोरे लगाए

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। जल गंगा संवर्धन अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य नदी, तालाब, पुरानी बावडी सार्वजनिक कुआ की स्वच्छता और जल संरक्षण को बढावा देना है। यह अभियान जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया जिसमें सामुदायिक भागीदारी को बढावा देना और लोगों को जल संसाधनों के संरक्षण में शामिल करना। यह अभियान 30 मार्च से 30 जुन तक चलाया जायेगा। इसी कड़ी में कोई पक्षी प्यासा ना रहे,इस हेतु मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के छात्र छात्राओं द्वारा अलग अलग जगह सकोरे लगाए गए। जल एक सीमित और बहुमूल्य संसाधन है जो पृथ्वी पर सभी जीवन को बनाए रखता है। बढती वैश्विक आबादी और मौसम के पैटर्न पर जलवायु परिवर्तन के चल रहे प्रभाव के साथ, पानी की कमी एक बढती हुई चिंता बन गई है। इस चुनौती के जवाब में, जल संरक्षण भावी पीढियों के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीति के रूप में उभरा है। जल गंगा संवर्धन अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य नदी, तालाब, पुरानी बावडी सार्वजनिक कुआ की स्वच्छता और संरक्षण को बढावा देना है। ईसी कड़ी में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग म.प्र. शासन ने सामुदायिक भागीदारी को बढावा देना और लोगों को जल संसाधनों के संरक्षण में शामिल करने का लक्ष्य रखा है।

हर्षिल ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। सुभाष इंग्लिश स्कूल के छात्र हर्षिल पिता पंकज सोलंकी ने कक्षा दसवीं में 500 में से 438 अंक प्राप्त कर 87 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर सभी परिवारजन एवं छात्र.छात्राओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

बबीतासिंह तोमर उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन ने मन्दसौर के उद्यानिकी महाविद्यालय में महिला कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस महामंत्री श्रीमती बबीतासिंह तोमर को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है । इस आशय की जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी मन्दसौर मीडिया प्रभारी श्री वकार खान ने बताया कि विधायक श्री विपिन जैन ने उद्यानिकी महाविद्यालय के डीन को पत्र लिखकर सूचित किया है कि महाविद्यालय के छात्र छात्राओं की समस्याएं,अन्य कार्यों कें साथ साथ शासन की योजनाओं के संबंध में मेरी प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती तोमर समय समय पर आपसे संवाद करेंगी एवं उपस्थित होंगी।

श्रीमती तोमर के विधायक प्रतिनिधि बनने पर कांग्रेस जनों ने उन्हें बधाई दी है। वहीं जिला कांग्रेस महामंत्री श्रीमती बबीतासिंह तोमर ने उन्हें यह जवाबदारी सौंपने के लिए विधायक श्री विपिन जैन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है कि वह हमेशा की तरह अपने इस दायित्व का निर्वहन पूरी सक्रियता से करेंगी एवं उद्यानिकी महाविद्याल परिवार से मिलकर विधायक श्री विपिन जैन के सहयोग से वहां की समस्याओं आदि पर फोकस कर कार्य करेंगी।

बेटियों ने बढ़ाया प्रदेश के साथ जिले का मान, सम्मान और गौरव-दीक्षित

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने मंगलवार को मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा डीपीएसई मुख्य परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण हुए सभी छात्र.छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। श्री दीक्षित ने कहा कि दसवी और बारहवीं की परीक्षा में फिर से बेटियां अव्वल आयी हैं। हमारी बेटियां प्रदेश के साथ जिले का मान, सम्मान और गौरव बढा रही है। उत्तीर्ण हुए सभी छात्र.छात्राओं की उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी अपनी अपेक्षा के अनुरूप परिणाम नहीं ला पाए हैं, वे हताश न हों और पूरी लगन के साथ पुन: प्रयास करें, सफलता अवश्य मिलेगी।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में ग्रीष्मकालीन शिविर सम्पन्न

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। सरस्वती विद्या मंदिर केशव नगर, मंदसौर में चल रहे 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का जिसमें अंग्रेजी संभाषण, वैदिक गणित, आर्ट एंड क्राफ्ट, संगीत, नृत्य, कंप्यूटर, पार्लर, सुलेख, मेहंदी, खेल, प्रयोगशाला आदि विधाओं का आयोजन हुआ जिसमें 31 भैया बहिनों ने सहभागिता की, जिसका आज समापन समारोह का आयोजन हुआ।

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, प्रो. राजेंद्रसिंह शिक्षण समिति के सदस्य श्री दिनेश जी पालीवाल, विद्यालय प्राचार्य श्री संतोष जी यादव , ग्रीष्मकालीन शिविर संयोजक श्री सुनील वत्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआए ग्रीष्मकालीन शिविर संयोजक श्री सुनील वत्स ने प्रतिवेदन का वाचन किया साथ ही सभी भैया बहिनों ने अपनी विधा का प्रदर्शन किया, मुख्य अतिथि द्वारा भैया बहिनों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। अथिति परिचय विद्यालय के आचार्य श्री वर्दीचंद जी श्रीमाल व स्वागत श्रीमती विद्या दोशी व श्रीमती उमा सोनगरा ने किया संचालन श्रीमती टीना भावसार ने किया आभार श्री मनीष जी हलवे ने व्यक्त किया।

दुर्गा वाहिनी वर्ग के तृतीय दिवस दिया मार्गदर्शन

मंदसौर, 06 मई गुरु एक्सप्रेस। विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी के वर्ग में आज दुर्गा वाहिनी की प्रांत संयोजिका ज्योति प्रिया शर्मा एवम प्रांत मंत्री विनोद जी शर्मा उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता ज्योति प्रिया दीदी ने बहनों का दुर्गा वाहिनी विषय पर बहनों का मार्ग दर्शन किया दीदी ने बताया की बहनों का मानसिक ,शारीरिक बौद्धिक विकास हो ,अपने आप को वर्तमान चुनौतियों से कैसे लड़ना है उससे सुसज्जित होना है और सेवा, सुरक्षा और संस्कार मूल आधार को मन में आत्मसात कर के सभी रूप से सक्षम हो जाए इस उद्देश्य के साथ दुर्गा वाहिनी समाज में कार्य करती है और इसमें सभी प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाता है। दुर्गा वाहिनी की प्रांत संयोजिका वर्ग प्रमुख ज्योतिप्रिया शर्मा ने आज बताया की वर्तमान में मानसिक चुनौतियों का सामना कैसे करना है बताया। आने वाले समय में देश धर्म राष्ट्र समाज हित के लिए बहने भी अग्रसर होकर आगे आए और हर चुनौती का सामना डटकर करें । और समय आने पर देश,धर्म, राष्ट्र,समाज,संस्कार, संस्कृति को बचाने के लिए बहने भी किसी से कम नही है।समाज में व्याप्त महिशासुरो का संहार करने के लिए दुर्गा वाहिनी कार्य करती है। यह जानकारी विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री हेमंत बुलचंदानी ने दी।

बोर्ड परीक्षा परिणाम में...

पेज 1 से जारी

उत्तीर्ण प्रतिशत 79.44 तथा बालिकाओं का 86.80 रहा। हायर सेकेण्डरी परीक्षा में कला संकाय का 76.75 रहा, विज्ञान संकाय का 87.92 रहा, कामर्स संकाय का 85.04 रहा तथा कृषि संकाय का 94.94 रहा है, जीव विज्ञान समूह में रिद्धि भट्टड ने 95.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में छटवां स्थान प्राप्त किया। बोर्ड परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय वृद्धि होने पर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने सभी सफल हुए बच्चों एवं उनके पालकों को बधाई दी है तथा शिक्षा विभाग के समस्त प्राचार्यों, शिक्षकों द्वारा किए गए प्रयासो की प्रशंसा की है, वही कलेक्टर द्वारा असफल बच्चों को सलाह दी है की वे परिणामों से निराश न होवे तथा इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा प्रारंभ की गई नवीन नीति अनुसार आयोजित होने वाली द्वितीय परीक्षा में और अधिक तैयारी के साथ सम्मिलित होकर सफलता अर्जित करें।

सांसद गुप्ता बने प्राक्कलन...

पेज एक से जारी

संबंधी स्थायी समिति के सदस्य भी रहे हैं। अगस्त 2024 में उन्हें मंदसौर, नीमच और रतलाम जिलों की विकास योजनाओं की निगरानी समिति का अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया था। इसके अलावा संगठनात्मक और लोकतांत्रिक कई दायित्वों का सांसद सुधीर गुप्ता बखूबी निर्वहन कर चुके हैं।

कार्यालय सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर

नामान्तरण -सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भवन क्रमांक ईडब्ल्यूएस.बी-47 जो श्री महेन्द्रकुमार शर्मा पिता श्री भंवरलाल शर्मा को वर्ष 1984 में आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 27.02.2004 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीबद्ध करवाया गया था। श्री महेन्द्रकुमार शर्मा पिता श्री भंवरलाल शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 11.12.2011 एवं इनकी पत्नी श्रीमती कमलाबाई शर्मा पति स्व. श्री महेन्द्रकुमार शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 04.11.2022 को हो जाने से इनके पुत्र श्री रविन्द्रकुमार शर्मा पिता स्व. श्री महेन्द्रकुमार शर्मा अपनी दोनों बहनों श्रीमती वनीता द्विवेदी पति श्री शरदकुमार द्विवेदी एवं श्रीमती सविता जोशी पति अनुपकुमार जोशी की सहमति एवं प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण अपने नाम करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भवन का नामान्तरण श्री रविन्द्रकुमार शर्मा पिता स्व. श्री महेन्द्रकुमार शर्मा के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)

AJAY SENDHAV ADVOCATE
ADVOCATE
Office: 12, Chamunda Complex, Dewas Dist- Dewas (M.P.) 455001
Email: ac71788@gmail.com
Mob.No.- 97534-41943
Residence: 613,UG III Mukharji Nagar, Dewas Dist- Dewas (M.P.) 455001
Mob.No. 93000-38939

***** जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री ईश्वरनाथ योगी पिता श्री मोहननाथ योगी निवासी ग्राम असावती, तहसील जावरा, जिला रतलाम (म.प्र.) के द्वारा उनके मालिकी, आधिपत्य एवं कब्जे की सम्पत्ति जो कि ब्लॉक क्रमांक 230, मकान/भूखण्ड क्रमांक 629, ग्राम असावती, तहसील जावरा, जिला रतलाम (म.प्र.) प.ह.क्रमांक 11, जिसका कुल क्षेत्रफल-6843.36 स्क्वे.फीट (636 स्क्वे. मीटर) है उस पर अपनी पत्नी श्रीमती जुम्माबाई पति श्री ईश्वरनाथ योगी, निवासी-ग्राम असावती, तहसील जावरा, जिला रतलाम (म.प्र.) को सह स्वामी बनाया गया है, जिसका ई-पंजीयन दस्तावेज (E-REGISTERED CO-OWNERSHIP DEEP) क्रमांक -MP16IGR18232025A100272262 दिनांक-05.05.2025 है, तथा उक्त सम्पत्ति को मार्गेज (MORTGAGE) किया जा रहा है व उस पर (INDIA SHELTER FINANCE CORPORRATION LIMITED) से लोन लिया जा रहा है।

यह कि उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि कोई भी अन्य व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार या आपत्ति हो तो उक्त जाहिर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति प्रस्तुत करें, उपरोक्त अवधि के पश्चात किसी भी उजर आपत्ति मान्य नहीं होगी सूचित हो।

भवदीय
अभिभाषक अजय सेंधव
12 चामुण्डा काम्पलेक्स, देवास (म.प्र.)

देवास, दिनांक-06.05.2025

AJAY SENDHAV ADVOCATE
ADVOCATE
Office: 12, Chamunda Complex, Dewas Dist- Dewas (M.P.) 455001
Email: ac71788@gmail.com
Mob.No.- 97534-41943
Residence: 613,UG III Mukharji Nagar, Dewas Dist- Dewas (M.P.) 455001
Mob.No. 93000-38939

***** जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री कारुलाल गुर्जर पिता श्री भंवरलाल, निवासी-ग्राम खेरखेड़ा, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर (म.प्र.) के द्वारा उनके मालिकी, आधिपत्य एवं कब्जे की सम्पत्ति जो कि ब्लॉक क्रमांक 603, मकान/भूखण्ड क्रमांक 390, ग्राम खेरखेड़ा, ग्राम पंचायत खेरखेड़ा, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर (म.प्र.) प.ह.क्रमांक 04, जिसका कुल क्षेत्रफल-5704 स्क्वे.फीट (530 स्क्वे. मीटर) है उस पर अपनी पत्नी श्रीमती सुगनाबाई पति श्री कारुलाल गुर्जर, निवासी-ग्राम खेरखेड़ा, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर (म.प्र.) को सह स्वामी बनाया गया है, जिसका ई-पंजीयन दस्तावेज (E-REGISTERED CO-OWNERSHIP DEEP) क्रमांक -MP15IGR17842025A100230557 दिनांक-23.04.2025 है, तथा उक्त सम्पत्ति को मार्गेज (MORTGAGE) किया जा रहा है व उस पर (INDIA SHELTER FINANCE CORPORRATION LIMITED) से लोन लिया जा रहा है।

यह कि उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि कोई भी अन्य व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार या आपत्ति हो तो उक्त जाहिर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति प्रस्तुत करें, उपरोक्त अवधि के पश्चात किसी भी उजर आपत्ति मान्य नहीं होगी सूचित हो।

भवदीय
अभिभाषक अजय सेंधव
12 चामुण्डा काम्पलेक्स, देवास (म.प्र.)

देवास, दिनांक-06.05.2025

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in